**कक्षा-छठी** डॉ.सुनील बहल

**हिंदी (प्रथम भाषा)**

**पाठ-2 वह आवाज़**

## अभ्यास

**(i.)निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन करो-**

| **शब्द** | **लिंग परिवर्तन** | **शब्द** | **लिंग परिवर्तन** |
|---|---|---|---|
| माता | पिता | मामा | मामी |
| चाचा | चाची | बहन | बहनोई |
| दादा | दादी | बेटा | बेटी |
| | | | |

**(ii) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग करें-**

| मुहावरा | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|
| चूहे कूदना | ज़ोर से भूख लगना | भाई ! पार्टी तो आठ बजे शुरू होगी पर मेरे तो पेट में अभी से चूहे कूद रहे हैं। |
| आँखों में झाँकना | दूसरे के मन की बात को समझ लेना | तुम उससे कुछ नहीं छिपा सकते क्योंकि वह तो तुम्हारी आँखों में झाँक लेगा । |
| खोए रहना | अपने ही विचारों में मग्न रहना | भई ! मैं तुम्हें कब से समझा रहा हूँ,पर तुम तो न जाने कहाँ खोए हो । |
| छाती में भरना | हृदय से लगाना | विदेश से लौटने पर माँ ने बेटे को छाती में भर लिया । |
| पसीना आना | घबराहट होना | जब चोर की चोरी पकड़ी गई तो उसे पसीना आने लगा । |
| चेहरा खिल उठना | बहुत खुश होना | कक्षा में प्रथम आने पर उसका चेहरा खिल उठा । |

| | | |
|---|---|---|
| पीठ थपथपाना | शाबाशी देना | 100 मीटर की दौड़ में प्रथम आने पर कोच ने मेरी पीठ थपथपायी । |
| कहानी पर कहानी सुनाना | झूठ पर झूठ बोलना | जब उसकी चोरी पकड़ी गई तो फिर वह कहानी पर कहानी सुनाने लगा । |

**(iv) वचन बदलो :**

| **एकवचन** | **बहुवचन** | **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| दरवाज़ा | दरवाज़े | खूँटी | खूँटियाँ |
| बच्चा | बच्चे | मिठाई | मिठाइयाँ |
| रसगुल्ला | रसगुल्ले | रसोई | रसोइयाँ |
| बस्ता | बस्ते | चुहिया | चुहियाँ |

**(v) विपरीतार्थक शब्द लिखो-**

| **शब्द** | **विपरीत शब्द** | **शब्द** | **विपरीत शब्द** |
|---|---|---|---|
| सच | झूठ | अमीर | गरीब |
| आज | कल | भूख | तृप्ति |
| मेहनत | आलस्य | होशियार | मूर्ख |
| उदास | खुश | | |

**(vi) वर्ण विच्छेद करो-**

| **वर्ण** | **वर्ण विच्छेद** |
|---|---|
| बस्ता | ब् + अ + स् + त् + आ: |
| दफ्तर | द् + अ + फ् + त् + अ + र् + अ । |
| रसोई | र् + अ + स् + ओ + ई। |

**विचार-बोध**

**1. मंटू के घर मेज़ पर खाने का क्या-क्या सामान पड़ा था ?**

उत्तर-उसके घर मेज़ पर सेब, चीकू, सन्तरे, रसगुल्ले, दालबीजी इत्यादि सामान

पड़ा था ।

**2. चोरी करने पर मंटू की अन्तरात्मा ने क्या आवाज़ दी ?**

उत्तर- चोरी करने पर मंटू की अन्तरात्मा ने आवाज़ दी–"मंटू, तुमने ठीक काम नहीं किया। यह चोरी है। तुमने माँ से नहीं पूछा। "

**3. मंटू के घर चाय पर कौन आने वाले थे ?**

उत्तर-मंटू के घर चाय पर उसके अशोक चाचा आने वाले थे।

**4. मंटू ने क्या ग़लत काम किया था ?**

उत्तर-मंटू ने किसी से बिना पूछे चोरी करके एक रसगुल्ला और एक चीकू खा लिया था।

**5. मंटू के हाथ से लोटा क्यों गिरा ?**

उत्तर-घबराहट के कारण मंटू के हाथ से हाथ मुँह धोते समय दो बार लोटा गिरा।

**6. मंटू की जगह यदि आप होते तो क्या करते ?**

उत्तर-मंटू की जगह यदि मैं होता तो कभी भी चोरी करके रसगुल्ला और चीकू नहीं खाता अपितु यदि इन्हें खाने की इच्छा होती तो माँ से पूछकर खा लेता ।

---

**तैयारकर्ता व प्रस्तुतकर्ता**
डॉ.सुनील बहल
एम.ए.(संस्कृत ,हिंदी), एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी)
असिस्टेंट डायरेक्टर, एस.सी.ई.आर टी
व स्टेट रिसोर्स पर्सन
(हिंदी और पंजाबी)

---